सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र

ब्लॉक-जे.डी., सेक्टर-III, साल्ट लेक, कोलकाता-700106

प्रवेश – 2017

भौतिक विज्ञान में एकीकृत पीएच.डी. कार्यक्रम

(कलकत्ता विश्वविद्यालय के सहयोग से)

सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र, भौतिक विज्ञान में एकीकृत पीएच.डी. कार्यक्रम 2017 में प्रवेश हेतु लगातार अच्छा शैक्षणिक रिकार्ड रखने वाले (प्रथम डिवीजन/श्रेणी) छात्रों को आमंत्रित करता है। आवेदन करने वाले छात्रों से यह आशा की जाती है कि वे अनुसंधान में कैरियर बनाने हेतु प्रेरित हों। कार्यक्रम पूरी तरह से आवासीय है एवं छात्रों को परिसर में आवास एवं भोजन की सुविधा दी जाती है। केंद्र कार्यक्रमों के लिए कोई शुल्क नहीं लेता है। उक्त पाठ्यक्रम कलकत्ता विश्वविद्यालय के सहयोग से किया जाता है।

सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र, भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एक प्रमुख स्वायत्तशासी संस्थान है। इसके अतिरिक्त केंद्र अपने विभिन्न अनुसंधान कार्यक्रमों, भारत एवं विदेशों की विभिन्न निधिकरण एजेंसियों से पाठ्यक्रम अतिरिक्त कोष प्राप्त करता है। केंद्र के पास भारत एवं विदेशों के अन्य प्रमुख संस्थानों के साथ आपसी बातचीत के जरिए गहन सहयोगी कार्यक्रम है, जिनमें पीएच. डी. अनुसंधान करने वाले छात्र सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। केंद्र अत्याधुनिक ढांचागत सुविधाओं (प्रायोगिक एवं संगणनात्मक) से सुसज्जित है, जिनमें भौतिक, रासायनिक, जैविक एवं गणितीय विज्ञानों के चुने हुए क्षेत्रों में उन्नत अनुसंधान के लिए एक डिजिटल लाइब्रेरी भी शामिल है। जीव विज्ञान में अनुसंधान कार्यक्रम, रासायनिक एवं जैव-भौतिकी समस्याओं से ओवरलैप के क्षेत्रों पर ध्यान देता है। संकाय सदस्यों की अनुसंधान प्रोफाइल तथा उपलब्ध सुविधाओं के लिए कृप्या URL: www.bose.res.in पर संपर्क करें।

वर्तमान में, केंद्र के पास अपने पीएच.डी. तथा एकीकृत पीएच.डी. कार्यक्रम (आईपीएचडी) में लगभग 155 छात्र हैं। केंद्र के पूर्व छात्रों ने भारत तथा विदेशों में शैक्षणिक एवं अनुसंधान क्षेत्रों में कार्य किए हैं। छात्रों के शैक्षणिक विकास के लिए केंद्र अत्यंत उत्कृष्ट वातावरण प्रदान करता है।

अनुसंधान पर्यवेक्षक के पास पंजीकरण के बाद छात्रों को एमएससी के लिए एक निर्धारित कोर्स वर्क कार्यक्रम लेना होगा तथा मूल नियम एवं विनिमयों का पालन करना होगा। जो छात्र सफलतापूर्वक इन कोर्स को पूरा कर लेते हैं, उन्हे कलकत्ता विश्वविद्यालय से एम.एससी की डिग्री प्राप्त होती है। एकीकृत पीएच.डी. कार्यक्रम तथा अध्येतावृति को जारी रखने के लिए, एक न्यूनतम शैक्षिक स्तर तथा अनुसंधान आउटपुट बनाए रखना पड़ता है। एक उचित स्क्रीनिंग प्रक्रिया के बाद पीएच.डी डिग्री के लिए छात्र का पंजीकरण कलकत्ता विश्वविद्यालय के साथ होता है। प्रवेश का विवरण नीचे दिया गया है :-

1. **मूल योग्यता** : भौतिक विज्ञान एवं गणित के साथ बी. एससी में प्रथम श्रेणी/डिवीजन अर्थात कुल योग में न्यूनतम 60% (अनु.जाति/अनु.ज.जा/अन्य पि.वर्ग के छात्रों के लिए 55%) ।

2. (1) **के साथ वांछित आगे की योग्यताएँ :**

जेईएसटी – 154 रैंक तक

अथवा

एनजीपीई – शीर्ष 25 रैंक

2. **साक्षात्कार की तारीख** : 19-20 जून, 2017

4. **आयु सीमा** : कोई नहीं। तथापि, पिछली अहर्क विश्वविद्यालय परीक्षा (बी.एससी) 2015 से पूर्व न दिया हो।

5. **मासिक छात्रवृत्ति** : प्रथम 2 वर्षों के दौरान रुपये 12,000 । पाठ्यक्रम के सफलतापूर्वक पूर्णता के बाद कलकत्ता विश्वविद्यालय द्वारा एम.एससी. की डिग्री प्रदान की जाएगी और उसके उपरांत पात्रता की शर्तें पूरी करने पर छात्र जेआरएफ में भर्ती होंगे । यदि जेआरएफ में शामिल होते हैं तो उन्हें केंद्र के जेआरएफ के अनुसार छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम नितांत रूप से आवासीय है - सभी छात्रों को परिसर में आवास प्रदान किया जाएगा।

6. **ऑन-लाइन आवेदन** : 16 अप्रैल, 2017 से प्रारम्भ होकर 14 मई, 2017 को बंद होगा।

केवल ऑन-लाइन आवेदन पत्र ही स्वीकार किए जाएंगे । और अधिक जानकारी के लिए कृपया http://www.bose.res.in पर लॉग ऑन करें। प्रवेश के मामलें में केंद्र के निदेशक का निर्णय अंतिम तथा बाध्यकारी होगा।

किसी भी शैक्षिक/कार्यालयीन पूछताछ के लिए admission@bose.res.in पर लिखें।

किसी भी तकनीकी पूछताछ के लिए कृपया admission-help@bose.res.in पर लिखें।

अधिष्ठाता (शैक्षिक कार्यक्रम)

16 **अप्रैल,** 2017